*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# प्रो. आनंद वर्धन शर्मा को नरेश मेहता पुरस्कार



वर्धा, 12 दिसंबर 2017: उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ ने वर्ष 2016 के पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष का नरेश मेहता पुरस्कार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रतिकुलपति एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार प्रो. आनंद वर्धन शर्मा को उनके काव्य संग्रह 'ललमुनिया घोंसला कहां बनाओगी' के लिए प्रदान किया जाएगा। पुरस्कृत काव्य-संग्रह वाणी प्रकाशन से प्रकाशित है और बहुचर्चित व बहुसमीक्षित है। पुरस्कार के रूप में प्रो. आनंद वर्धन शर्मा को रुपये बीस हजार की नकद राशि प्राप्त होगी।

प्रो. शर्मा, प्रतिष्ठित बाल साहित्यकार स्वर्गिय श्रीप्रसाद के सुपुत्र हैं। अब तक प्रो. शर्मा के कई कविता, कहानी संग्रह व आलोचना पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रो. शर्मा को पुरस्कार मिलने से विश्वविद्यालय का मान-वर्धन हुआ है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलसचिव कादर नवाज खान व विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।